pan>

Title: Demand not to disconnect electricity connection pertaining to farmers in Maharashtra.

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । मैं महाराष्ट्र के भन्डारा-गोंदिया संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, जिसे राइस बाउल भी कहा जाता है, जहां 94 प्रतिशत किसान केवल धान की फसल लेते हैं । अभी रबी की फसल का काम चल रहा है और इस समय खेती को पानी की जरूरत है । ऐसे समय में महाराष्ट्र सरकार किसानों की बिजली का कनेक्शन काट रही है और जब किसान का बिजली कनेक्शन काटती है तो डीबी से काटती है । इसमें जिन किसानों ने बिल चुकाया है, उनको भी बिजली से वंचित कर दिया जाता है, जबकि कोरोना काल में महाराष्ट्र सरकार ने 200 यूनिट तक किसानों के बिजली बिल माफ करने की जो घोषणा की थी, वह अभी भी अधूरी है । जो किसान बिजली बिल भरना चाहता है, उसकी खरीफ की फसल खरीदने में वहां की सरकार दिक्कत पैदा कर रही है । सभी खरीद केन्द्र भ्रष्टाचार से लिप्त हैं, जिसका पूरा पैसा केन्द्र सरकार देती है, उसके बावजूद वहां रेगुलर धान लिया नहीं जाता है । व्यापारियों का धान लिया जाता है और किसानों का धान नहीं लिया जाता है । इसलिए इस समय वहां का किसान भारी तकलीफ में है । ऐसे समय में, मैं आपके माध्यम से दरख्वास्त करता हूं कि किसानों की बिजली न काटी जाए, जिस किसान की बिजली काटी गई है, उसे फिर से जोड़ा जाए, जिससे किसान धान की फसल उगा सके और फिर से अपना बिजली बिल भर सके । धन्यवाद ।

श्री अनुभव मोहंती : सर, आप नहीं मानते हैं, लेकिन इतिहास बार-बार यही बात कहता है । … (व्यवधान)

श्री जी. किशन रेड्डी : इसलिए मैं इस विषय पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । जो पाइको इंडिपेंडेंस मूवमेंट है, क्या वह फर्स्ट इंडिपेंडेंस मूवमेंट है,

इसके लिए हम असेसमेंट कर रहे हैं । इस विषय पर असेसमेंट होने पर निर्णय होगा ।

SHRI ANUBHAV MOHANTY : Sir, it was the first war of independence. … (*Interruptions*)